शुक्रवार
06 फरवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 14
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# संदिग्ध पेय पीने से दो की मौत

## ●शराब के सेवन के बाद बिगड़ी हालत, मौके से शराब की बोतलें व संदिग्ध तरल पदार्थ जब्त



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। शराब में मिलाकर पिये गये संदिग्ध पेय पदार्थ के सेवन से जहां दो लोगों की मौत हो गयी वहीं तीसरे की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शराब की खाली बोतलों व संदिग्ध पेय की बोतल को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मृतकों और घायलों के पास गाड़ी में एक बोतल में संदिग्ध रासायनिक तरल था, जिसे उन्होंने पानी समझकर शराब में मिलाकर पी लिया था

जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 10 बजे थाना खटीमा पुलिस को सूचना मिली कि शराब सेवन के बाद एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तथा दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस नागरिक अस्पताल खटीमा पहुंची तो पाया कि दिल्लू राणा (52 वर्ष) निवासी कंजाबाग खटीमा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। वहीं मलकीत सिंह राणा एवं प्रवेश राणा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर श्री राम मूर्ति स्मारक अस्पताल, भोजीपुरा में रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान मलकीत सिंह राणा की भी मृत्यु हो गई। मामले में चिकित्सक डॉ. वी.पी. सिंह ने बताया कि मृतक व घायलों से तीव्र मिथाइल अल्कोहल केमिकल जैसी गंध आ रही थी, जिससे यह आशंका है कि उन्होंने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। वहीं अस्पताल लाने वाले व्यक्ति श्रवण कुमार ने बताया कि तीनों व्यक्तियों ने शाम को शराब के दो क्वार्टर मंगवाए थे और वाहन से बाहर गए थे। वापस लौटने पर दिल्लू राणा की तबीयत बिगड़ गई और वे उल्टियां करने लगे। जिस पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

वहीं पुलिस द्वारा जांच के दौरान दो खाली क्वार्टर, एक खाली आधी बोतल, एक संदिग्ध प्लास्टिक बोतल, उल्टी के नमूने को सील कर कब्जे में लिया गया। बताया जा रहा है कि संदिग्ध बोतल से अत्यधिक तीव्र गंध पाई गई, जिससे आंखों में जलन हो रही थी। सभी बरामद सामग्री को विधिवत सील कर जांच हेतु भेजा गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। वही आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल ने पूरे प्रदेश में औचक चेकिंग के आदेश दिये है।

# आप नेता की गोली मारकर हत्या



हमारे संवाददाता

जालंधर। पॉश इलाके मॉडल टाउन में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबेराय की बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात गुरुद्वारा साहिब के ठीक बाहर हुई, जहाँ हमलावरों ने ओबेराय को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की। अचानक हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल पैदा हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावर पहले से ही घात लगाकर बैठे थे और उन्होंने ओबेराय पर उस समय हमला किया जब वह अपनी कार पार्क कर रहे थे। इस हाई-प्रोफाइल मर्डर ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बताया जा रहा है कि ओबेराय अपनी थार गाड़ी से गुरुद्वारे पहुंचे थे। जैसे ही वह अपनी कार पार्क करने लगे, तभी दोपहिया वाहन पर सवार होकर आए हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने करीब 15 से 16 राउंड फायरिंग की, जिसमें से 5 गोलियां लक्की ओबेराय को लगीं। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों ने तुरंत अपने शटर गिरा दिए और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। लक्की को लहूलुहान हालत में तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लक्की ओबेराय जालंधर की राजनीति में एक जाना-पहचाना चेहरा थे। वह विशेष रूप से जालंधर कैंट विधनसभा क्षेत्र की इंचार्ज राजविंदर कौर थियाडा के बेहद करीबी माने जाते थे। राजनीतिक सक्रियता की बात करें तो उनकी पत्नी ने भी आम आदमी पार्टी के टिकट पर नगर निगम का चुनाव लड़ा था, हालांकि वह जीत हासिल नहीं कर पाई थीं। वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे मॉडल टाउन इलाके को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और आसपास के सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी जांच और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर हमलावरों की पहचान जल्द कर ली जाएगी। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों और आप कार्यकर्ताओं में भारी रोष है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# दम तोड़ रही है इंसानियत

चार दिन पूर्व राजधानी देहरादून के दुल्हा बाजार में हुए गुंजन हत्याकांड में हालांकि पुलिस हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। साथ ही इस मामले में गठित एसआईटी द्वारा भी न्यायालय में चार्जशीट पेश की जा चुकी है। लेकिन इस मामले का एक ऐसा पहलू भी सामने आया है जो इंसानियत के माथे पर कलंक का टीका है। पुलिस द्वारा अब गुजंन हत्याकांड के बाद 35 गवाहो को चार्जशीट में शामिल किया गया है। यह बात चौंकाने वाली है कि जब मौके पर इतने लोग मौजूद थे तो उन्होने हत्यारोपी को वारदात करने से क्यों नहीं रोका था? जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी द्वारा इस वारदात को 10 से 15 मिनट तक अंजाम दिया गया है। इतने लम्बे समय तक आरोपी मौके पर ही मौजूद रहा तो फिर वह तीस चालीस लोग क्या सिर्फ तमाशा देखते रहे। अगर उनमें से चार-पांच लोगों द्वारा ही इस वारदात को रोकने की कोशिश की गयी होती तो गुंजन को इस वारदात में अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती। वहीं दूसरी ओर इस मामले को लेकर पुलिस पर भी सवालियां निशान खड़े हो रहे है। मृतका की मां का साफ कहना है कि गुंजन द्वारा पुलिस को दी गयी शिकायत में आरोपी से अपनी जान का खतरा बताया गया था। लेकिन फिर भी पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गयी। जिससे हत्यारोपी के हौंसले बुंलद हुए और उसने हत्याकांड को अंजाम दे डाला। गुंजन हत्याकांड से यह बात तो जरूर समझ में आयी है कि आज समाज में इन्सानियत अपना दम तोड़ चुकी है। अगर ऐसा न होता तो हत्यारोपी भरे बाजार में दिन दहाड़े ऐसे हत्याकांड को अंजाम देने में सफल नहीं हो सकता था।

# चार दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने चार स्थानों से चार दुपहिया वाहन चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने चारों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनोल्टी निवासी हरीश राणा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पोस्ट आफिस में किसी काम से आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल पोस्ट आफिस के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं कौलागढ निवासी यशस्वी कौशल ने डालनवाला कोतवाली में अपनी स्कूटी क्रास रोड मॉल के बाहर से चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। इसके साथ ही टीएचडीसी कालोनी देहरा खास निवासी लक्ष्मीचन्द ने राजपुर थाने में अपनी स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं देहरा खास निवासी असमा सिद्धीकी ने अपने घर के बाहर से स्कूटी चोरी होने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया। पुलिस ने चारों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भाजपा सरकार जनता पर कर रही है आर्थिक अत्याचारः लालचंद

हमारे संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली दरों में 16.23 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव जनता की कमर तोड़ने की खुली साजिश है। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने इस फैसले को भाजपा सरकार का जनविरोधी और तानाशाही रवैया बताते हुए कहा कि जब जनता महंगाई से त्रस्त है, तब सरकार बिजली को और महंगा कर आम लोगों के घरों में अंधेरा फैलाना चाहती है।

लालचंद शर्मा ने कहा कि एफपीपीसीए के नाम पर बिजली लूट अब एक नियमित प्रक्रिया बन चुकी है। हर बार यूपीसीएल की नाकामी, कुप्रबंधन और घाटे की भरपाई सीधे जनता से करवाई जा रही है। 1,343 करोड़ रूपये के घाटे के लिए आम उपभोक्ता क्यों जिम्मेदार है? इसका जवाब सरकार को देना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बड़े उद्योगपतियों को राहत देती है और उसका बोझ घरेलू उपभोक्ताओं, छोटे दुकानदारों और मध्यम वर्ग पर डाल देती है। बिजली जैसी बुनियादी जरूरत को महंगा करना गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई रिकॉर्ड तोड़ रही है और अब बिजली बिलों में बढ़ोतरी कर जनता को दो वक्त की रोटी और उजाले के बीच चुनाव करने पर मजबूर किया जा रहा है। यह जनकल्याण नहीं, जनशोषण की नीति है। लालचंद शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेगी। भाजपा सरकार को समझ लेना चाहिए कि जनता को हल्के में लेने की कीमत उसे सत्ता से चुकानी पड़ेगी।

# आइटीबीपी ने सीमांत के युवाओं को सिखाया भर्ती का हुनर

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी।भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 14 वीं वाहिनी जाजरदेवल द्वारा आयोजित एक माह के भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कोचिंग कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। कैंप में 6 फिजिकल तथा 3 थ्योरिकल में कूल 9 अब्बल आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। एक माह तक कैंप में सीखें गए हुनर का विद्यार्थियों ने प्रदर्शन कर सभी को चौंका दिया। सीमा पुलिस के पीटीआई सहित अन्य अधिकारियों को भी मुनस्यारी की ओर से इस कैंप को दिए गए सहयोग के लिए सम्मान पत्र सोपा गया।



भारत तिब्बत सीमा पुलिस के अपर महानिदेशक संजय सिंह गुंज्याल की प्रेरणा से तथा 14 वाहिनी जाजरदेवल के सेनानी राम भरत सिंह कुशवाहा के निर्देशन में आयोजित एक माह के भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कैंप में सीमांत क्षेत्र के युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस नवाचार के जनक संस्था सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया पिथौरागढ़ द्वारा कैंप के संचालन में सहयोग दिया गया।

गुरुवार को जोहर क्लब खेल मैदान में समापन समारोह में राजकीय इंटर कॉलेज तथा विवेकानंद विद्या मंदिर के एन.सी.सी. के विद्यार्थियों ने वर्दी में भाग लेकर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दिखाए गए डेमो को अपनी आंखों से देखा और इस प्रशिक्षण से प्रेरणा भी प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी डाक्टर ललित मोहन तिवारी ने मुनस्यारी की जनता की ओर से उप सेनानी बृजमोहन सिंह, निरीक्षक ईएससी राजकुमार, कांस्टेबल पीटीआई प्रकाश तथा सुश्री पूजा पाल को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों द्वारा एक माह के भर्ती पूर्व प्रशिक्षण कोचिंग कैंप में भाग लेते समय हुए आंकलन में लिखित परीक्षा में युवराज प्रथम,जितेंद्र द्वितीय, भारत कुमार तृतीय आने को जीडी भर्ती की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

शारीरिक दक्षता परीक्षा बालक वर्ग में हिमेश नित्वाल प्रथम, जितेंद्र कुमार द्वितीय, भूपेंद्र सिंह तृतीय, बालिका वर्ग में रीना प्रथम, प्रभा द्वितीय, कुंती तृतीय स्थान में आई, इनको भी जीडी भर्ती की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। बालिका वर्ग में लतिका तथा अंजलि को सांत्वना पुरस्कार के रूप में जीडी भर्ती पुस्तक भेंट की गई।

मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी डॉ ललित मोहन तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से सीमांत क्षेत्र के युवाओं के भीतर सफल होने की ललक पैदा होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन हमेशा अपना भरपूर सहयोग देगी।

उप सेनानी बृजमोहन सिंह ने कहा कि सीमा पुलिस बल सीमांत के युवाओं के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ भर्ती पूर्व परीक्षण जैसी गतिविधियों का संचालन कर रही है। कहा कि आगे अन्य गतिविधियों का भी क्षेत्र में संचालन किया जाएगा। इस नवाचार के जनक संस्था के अध्यक्ष जगत सिंह मर्तोलिया ने बताया कि हमारी संस्था ने नौजवानों को भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए इस तरफ कदम बढ़ाया। उन्होंने कहा कि अपर महानिदेशक संजय सिंह गुंज्याल ने इस नवाचार को अपना संरक्षण दिया। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न हिस्सों में इस प्रकार के प्रशिक्षण कोचिंग कैंप आयोजित कर भविष्य में नौजवानों को विभिन्न भर्तियों के लिए तैयार करने की मुहिम जारी रहेगी।

सीमा पुलिस के चिकित्साधिकारी डां स्वपनिल, चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी दिगम्बर आर्या, थानाध्यक्ष अनिल कुमार आर्या,सीमा पुलिस बल के रिटायर्ड निरीक्षक देवेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, विवेकानंद विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार द्विवेदी, शिक्षक शिब्बू कुमार उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

## ❑कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं पॉक्सो एक्ट पर दी गई जानकारी

हमारे संवाददाता

बागेश्वर। डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समान कार्य वातावरण सुनिश्चित करने तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं स्वयं को निरंतर अपडेटेड रखने का आह्वान किया। साथ ही आयोग एवं हाईकोर्ट के निर्णयों के प्रति भी जागरूक रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पिछले तीन दिनों में ज्ञान प्राप्त किया है उसको अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ साझा करें। संयुक्त निदेशक महेश कोहली ने बताया कि सामाजिक लिंगभेद के कारण महिलाओं और लड़कियों को कई बार समान अवसर नहीं मिल पाते। जेंडर दृष्टिकोण को समझने एवं समाज में समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर नीलिमा भट्ट, रघु तिवारी, योगेश कुमार,मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वार्ड 42 काँवली में महिला सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिला सम्मान समारोह का आयोजन कर कंबल वितरित किये।



आज यहां वार्ड 42 काँवली क्षेत्र में अम्बेडकर भवन, निकट समुदायिक भवन, शास्त्री नगर में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर के नेतृत्व में महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सामाजिक सरोकार के तहत सैकड़ों महिलाओं को कंबल वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर ने स्वयं मातृशक्ति को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के कमजोर वर्गों, महिलाओं और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रही है और आगे भी जनता की सेवा ही कांग्रेस की प्राथमिकता रहेगी।

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर, प्रवक्ता मोहन काला, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मोहित मेहता मोनी, सूरज क्षेत्री, राजेन्द्र राज, सुनीता, सुमन, शबनम सहित कैन्ट विधानसभा के अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मातृशक्ति ने इस नेक कार्य के लिए सभी कांग्रेसजनों को आर्शीवाद देकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे आयोजन भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया।

# स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग आधुनिक रूप करें

उत्तरकाशी(आरएनएस)। मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह ने कृषि विभाग के सहयोग से विकासखंड नौगांव में संचालित श्रीके आउटलेट केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग को आधुनिक रूप से किया जाए जिससे उत्पादों की मांग बाजार में अधिक हो सके। सीडीओ ने कृषक उत्पादन संगठन की ओर से किए जा रहे कृषि गतिविधियों को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मुख्य कृषि अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। आजीविका गतिविधियों को प्रभावशाली बनाने के लिए विभिन्न संगठनों से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से दक्ष बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान में मुख्य कृषि अधिकारी एसएस वर्मा ने बताया कि कृषि विभाग के अंतर्गत विकासखंड के ३०० से अधिक कृषक के साथ एनआरएलएम की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी जुड़े हैं। परंपरागत फसलों के उत्पाद लाल चावल, मिलेट्स, दाल, चुल्लू का तेल, सरसों कोदा, झंगोरा, कोणी आदि को बेहतर ग्रेडिंग, पैकेजिंग के साथ श्री के आउटलेट के माध्यम से विपणन किया जा रहा है द्य साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के साथ विभिन्न पर्वों, मेलो में भी स्थानीय उत्पादों का विपणन किया जा रहा है।

# भाजपा की चौपाल में महिलाओं को बजट की जानकारी दी

उत्तरकाशी(आरएनएस)। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से यमुनोत्री विधानसभा के बड़कोट में महिला चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में महिलाओं को हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से पेश बजट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बजट में महिलाओं के लिए किए गए प्रावधानों की विशेष रूप से जानकारी प्रदान की गई। बड़कोट में भाजपा की महिला चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा गढ़वाल सह संयोजक विनीता रावत ने किया। विनीता रावत ने बताया कि देश की वित्त मंत्री सीतारमण ने जो बजट पेश किया है उसमें महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का प्रावधान किया गया है। इस बजट में महिलाओं को लाभान्वित और सशक्त बनाने पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। रोजगार परक योजनाओं का भी प्रावधान किया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री परशुराम जगूड़ी, किरन रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंदी राणा उपस्थित रहे।

# बछुवाबांण के लिए कुछ दिन ही चली बस सेवा, अब बंद

चमोली(आरएनएस)। गैरसैंण विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र बछुवाबांण एवं आसपास के गांवों के लिए शुरू की गई बस सेवा महज कुछ दिन ही चल पाई। समिति की यह बस सेवा बीते 26 जनवरी से बंद हो गई है। ऐसे में दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को अब आवागमन के लिए टैक्सियों का ही सहारा है। रूपकुंड पर्यटन विकास समिति ने बीते साल ९ दिसंबर से हरिद्वार से कर्णप्रयाग होते हुए गैरसैंण के विकासखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र बछुवाबांण के लिए बस सेवा शुरू की लेकिन शुरू से ही यह बस सेवा हिचकोले खाती रही। यह बस सेवा हरिद्वार से नौ बजे कर्णप्रयाग पहुंचने के बाद कभी दस बजे तो कभी दोपहर डेढ़ बजे कर्णप्रयाग से बछुवाबांण के लिए रवाना हो रही थी। मेहलचौरी के मंगल सिंह का कहना है कि इस बस सेवा से बछुवाबांण, गाजियाबाद सहित दूरस्थ गांवों को लाभ मिल रहा था। उन्होंने सरकार से यहां उत्तराखंड परिवहन निगम की बस सेवा संचालित करने की मांग की।

# दुगड्डा-बंगशील सड़क पर सफर करना बना जोखिमभरा

नई टिहरी(आरएनएस)। जौनपुर विकासखंड का दुगड्डा-बंगशील मोटर मार्ग जर्जर और खस्ताहाल बना है। मरम्मत के अभाव में सड़क पर जगह-जगह गडढे बन गए। खस्ताहाल सड़क पर आवागमन करने पर ग्रामीणों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग देवलसारी और नागटिब्बा को जोड़ता है।

दुगड्डा से बंगशील तक पांच किमी लंबी यह सड़क खस्ताहाल बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। गड्ढों में तब्दील मार्ग पर वाहन हिचकोले खाते हुए चल रहे हैं। धूल उड़ने से आगे-पीछे चलने वाले वाहन तक साफ नजर नहीं आते जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। बारिश होने पर गडढ़ों में जलभराव हो जाता है। वाहनों का आवागमन होते ही राहगीरों पर कीचड़ गिर जाता है। स्थानीय निवासी धनबीर नेगी का कहना है कि यह मार्ग पर्यटन और स्थानीय लोगों की जरूरतों से जुड़ा है। इसके बावजूद वर्षों से सड़क की अनदेखी की जा रही है। पूर्व जेस्ट प्रमुख महिपाल सिंह रावत, अमित बडियारी, प्रवीण असवाल का कहना है कि यदि शीघ्र सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो क्षेत्र के लोग आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे।

# सनातन धर्म का मूल स्वर संघर्ष नहीं बल्कि समन्वय है: रामनाथ कोविंद

हरिद्वार(आरएनएस)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि सनातन धर्म का मूल स्वर संघर्ष नहीं बल्कि समन्वय है। विविधता में एकता नारा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का स्वभाव है। जहां समन्वय है वहां दीर्घकालिक निरंतरता है। हमें धर्म को समाज और अध्यात्म को राष्ट्र से जोड़ने का संकल्प लेना होगा। अध्यात्म को समन्वय से चलाएं।

स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी ने हमें सिखाया है कि समाज में समन्वय बेहद आवश्यक है। उनका चिंतन वेदांत की गहराइयों से निकला था। वह एक ही संगम की धारा के तीन रूप थे। उनके द्वारा किए गए गए कार्य ने राष्ट्र को सभ्यता के रूप में प्रतिष्ठित किया। यह बात उन्होंने ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के श्रीविग्रह स्थापना समारोह में पहले दिन मंच से कही। ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कहा कि उन्हें पूज्य गुरुदेव की समाधि और उनके द्वारा स्थापित भारत माता मंदिर में दीप जलाने और आरती करने का सौभाग्य मिला है। स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज अनेक मतों, पंथों और संस्थाओं के बीच संवाद और समरसता के प्रबल सेतु हैं। भारत माता मंदिर का निर्माण सर्वधर्म समभाव से हुआ था। संन्यासी होने के साथ स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी राष्ट्रचेतना के साधक थे। यह आयोजन तभी सार्थक होगा जब हमारा संकल्प जागे। जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि वह खुद को समन्वय सेवा ट्रस्ट का सदस्य मानते हैं। यहां वास्तव में सबका समन्वय दिखता है। समन्वय ही समस्त राष्ट्र का आधार है। संत की समाधियों पर मेले और पुष्प चढ़ते हैं। राजा-महाराजाओं की समाधि पर बुलडोजर भी चल सकता है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सत्यमित्रानंद सनातन धर्म के अग्रणी संत थे। उन्होंने विदेशों में भी धर्म का प्रचार किया। सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म ही सबसे पुरातन धर्म है। ऐसे धर्म को आगे बढ़ाने वाले संत को वह प्रणाम करते हैं। इससे पूर्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तरी हरिद्वार में भारत माता मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी के तीन दिवसीय श्रीविग्रह मूर्ति स्थापना समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम महाराज, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं भारत माता मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष स्वामी गोविंद गिरी देव, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद गिरी और महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी समेत कई लोगों ने शिरकत की। उत्तरी हरिद्वार में राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलित कर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान में सुनी जन समस्याएं

उत्तरकाशी(आरएनएस)। न्याय पंचायत तुनालका में आयोजित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान कार्यक्रम में तहसीलदार बड़कोट ने समस्याएं सुनी। शिविर में महज आठ शिकायतें दर्ज हुई जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। इसके साथ ही शिविर में तुनालका गांव के समीप सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला होटल बनाए जाने की शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना था कि एक व्यक्ति की ओर से चन्द मुट्ठी जमीन खरीदने के बाद सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बहुमंजिला होटल बनाया गया है। जिला पंचायत सदस्य विजय बंधानी ने शिकायत दर्ज करवाई कि छह करोड़ की लागत से बने मॉडल पशु चिकित्सालय का पशुपालकों को लाभ नहीं मिल रहा है।

## शिक्षा से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव- बृजभूषण गैरोला

ऋषिकेश(आरएनएस)। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि शिक्षा ही समाज और क्षेत्र की तरक्की संभव है। केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक विद्यालय में शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

यह बातें विधायक ने डोईवाला स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस उन्होंने विधायक निधि के १० लाख रुपये की लागत से निर्मित कक्षा कक्ष एवं हाल कक्ष का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। विधायक निधि के माध्यम से विद्यालयों में कक्षा कक्ष, हाल और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधक मनोज नौटियाल ने कहा कि नए कक्षा कक्ष और हाल कक्ष के निर्माण से विद्यालय को बड़ी सुविधा मिली है। इससे न केवल शैक्षणिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित होंगी, बल्कि सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी आसानी होगी। विद्यालय प्रधानाचार्य अंकित डोबरियाल ने विधायक निधि से कराए गए निर्माण कार्य के लिए विधायक का धन्यवाद जताया। कहा कि इससे छात्रों को बेहतर शिक्षण वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। मौके पर नगर पालिकाध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, सभासद सुरेश सैनी, डोईवाला मंडल अध्यक्ष भाजपा पंकज शर्मा, राजकुमार राज, विक्रम नेगी मनमोहन नौटियाल, अश्वनी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कर्मियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले

ऋषिकेश(आरएनएस)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने नगर बुधवार को निगम ऋषिकेश सभागार में बैठक ली, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं का लाभ कर्मियों को देने के निर्देश दिए। नगर निगम सभागार में उपाध्यक्ष ने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।

नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि नगर निगम ऋषिकेश में तैनात दो कर्मचारी, जिन्हें एसीपी का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जिनकी पत्रावली लंबित है, प्रकरण को तत्काल निस्तारित करें। नगर निगम ऋषिकेश क्षेत्र अंतर्गत नाले नालियों की सफाई करने वाले नाला गैंग का पुन: सर्वेक्षण कर मैन्युअल स्कैवेंजर्स के लिए चयन करने, आउटसोर्स, दैनिक वेतन भोगी, कार्य प्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त कर्मचारियों को नियमितीकरण के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को समाज कल्याण से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने, पर्यावरण मित्रों को बैंक से लोन दिलाए जाने को कहा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ७० लोगों की सूची तैयार कर पर्यावरण मित्रों को लोन प्रदान करने बैंक भेजा गया। लीड बैंक अधिकारी द्वारा बैठक में प्रतिभाग न करने और कर्मचारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण न करने पर लीड बैंक अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जल संस्थान द्वारा सफाई कर्मचारियों को बिना किसी उपकरण के सीधे गटर में उतारने का प्रकरण भी उठाया गया। जिस पर जल संस्थान के विरुद्ध कार्यवाई करने तथा स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा कंपनी के हेल्पर द्वारा मानदेय, जो कि 482 रुपये प्रतिदिन के अनुसार दिया जा रहा है, को शासनादेश के अनुसार प्रतिदिन ?५०० भुगतान किए जाने के लिए निर्देशित किया। ऋषिकेश के एसपीएस अस्पताल में आउटसोर्स पर कार्यरत 23 कार्मिकों को मानकों के विपरीत कम वेतन दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। बैठक में एडवोकेट राकेश कुमार पारछा, सदस्य सफाई आयोग उत्तराखंड सरकार, मुख्य नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट, विशाल बिरला राष्ट्रीय महामंत्री क्रांतिकारी मोर्चा, विनोद घाघट, अक्षय, राकेश कुमार अध्यक्ष एससी मोर्चा, अक्षय खैरवाल, संयोजक नरेश खैरवाल, अध्यक्ष स्वच्छकार संघ अजय बागड़ी, राकेश खैरवाल, जितेंद्र भंडारी, सफाई नायक अन्य आदि मौजूद रहे।

# रेजिन आर्ट की शुरुआत करने के लिए खरीदें ये 5 चीजें, होती हैं जरूरी

रेजिन आर्ट एक ऐसी रचनात्मक कला है, जो आपको अपने विचारों और कल्पनाशक्ति को साकार करने का मौका देती है। इसमें आप फूल जैसी चीजों को रेजिन पदार्थ की मदद से हमेशा के लिए प्रिजर्व कर सकते हैं। इसे करने के लिए कुछ खास चीजों की जरूरत होती है, जो रेजिन उत्पादों को रूप देने में मदद करती हैं। अगर आपको यह कला सीखनी है तो आपको सबसे पहले ये 5 चीजें खरीदनी चाहिए।

अच्छी गुणवत्ता वाली रेजिन

रेजिन आर्ट के लिए सबसे जरूरी चीज होती है रेजिन। बाजार में कई तरह की रेजिन मिलती हैं, लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाली रेजिन का चयन करना बेहतर परिणाम देगा। यह न केवल आपके उत्पादों को लंबे समय तक टिकाऊ बना सकती है, बल्कि उन्हें साफ भी दिखा सकती है। अच्छी गुणवत्ता वाली रेजिन का उपयोग करने से आपके उत्पाद में कोई बुलबुले नहीं आएंगे और उसकी फिनिशिंग बहुत ही बढ़िया लगेगी।

मोल्ड

मोल्ड रेजिन आर्ट के सबसे जरूरी उपकरणों में से एक हैं। ये अलग-अलग आकार और डिजाइन बनाने में मदद करते हैं। बाजार में कई तरह के सिलिकॉन मोल्ड मिलते हैं, जो बहुत ही लचीले होते हैं और इन्हें इस्तेमाल करना आसान होता है। इन मोल्ड की मदद से आप गहने, की-चेन, कोस्टर और फ्रेम आदि बना सकते हैं। इसके अलावा आप अपने खुद के अनोखे डिजाइन भी बाजार से बनवा सकते हैं।

रंग और ग्लिटर

अगर आप अपने रेजिन उत्पादों में रंग जोड़ना चाहते हैं तो आपको अलग-अलग रंगों और ग्लिटर की जरूरत होगी। आप एक्रिलिक पेंट, पाउडर पेंट या स्प्रे पेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो रेजिन के साथ अच्छी तरह से मिलते हैं। इसके अलावा चमक के लिए आप ग्लिटर इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे एक खास स्पर्श जुड़ जाएगा। रंगों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे रेजिन के साथ मेल खाएं, ताकि आपका उत्पाद खराब न हो।

उपकरण सेट

रेजिन आर्ट करते समय अलग-अलग प्रकार के उपकरणों की जरूरत होती है। इनमें स्पैटुला, पिंचर्स और ब्रश आदि शामिल होते हैं। ये उपकरण रेजिन को सही तरीके से फैलाने, आकार देने और साफ-सुथरा रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा रेजिन को सेट करने यानि सुखाने के लिए भी खास उपकरण उपलब्ध रहते हैं। इन उपकरणों की मदद से आप अपने रेजिन उत्पादों को बेहतरीन बना सकते हैं।

सुरक्षा उपकरण

रेजिन आर्ट करते समय सुरक्षा उपकरण पहनना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि रेजिन रासायनिक तत्वों से बनी होती है। इसमें कुछ हानिकारक तत्व हो सकते हैं, जो त्वचा पर लग कर या सांस से प्रवेश करके बीमारी का कारण बन सकते हैं। इसके दौरान हमेशा मास्क, दस्ताने और चश्मा पहनें, ताकि आप सुरक्षित रहें। इन सभी चीजों के साथ-साथ थोड़ी अभ्यास और रचनात्मकता आपके रेजिन आर्ट अनुभव को बेहतरीन बना देंगी।

# धुरंधर 2 के टीजर को सेंसर बोर्ड से मिली रेटिंग!

धुरंधर 2 की घोषणा के बाद से ही रणवीर सिंह के फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 2 का टीजर सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 की प्रिंट्स के साथ अटैच किया गया है। सिनेमाघरों में रिलीज से पहले ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने टीजर को रेटिंग दी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, टीजर का पूरा नाम धुरंधर 2 - द रिवेंज है। यह टीजर 1 मिनट 48 सेकंड लंबा है और इसे सिनेमाघरों में सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 के साथ दिखाया जाएगा। ए रेटिंग मिलने की वजह से इसे सिर्फ 18+ उम्र के लोग ही देख सकते हैं।

धुरंधर 2 का टीजर ऑनलाइन नहीं, बल्कि थिएटर में सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज के दौरान दिखाया जाएगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग धुरंधर 2 के टीजर को देख सकें। इससे धुरंधर 2 का प्रचार अच्छे से शुरू हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर आदित्य धर ने पहली फिल्म के एंड-क्रेडिट सीन को एडिट करके इस टीजर के रूप में इस्तेमाल किया है।

फिल्म धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, आर. माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे कलाकार अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। धुरंधर 2 की रिलीज के साथ कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स टकराएगी।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# फायदेमंद है सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीना



आम तौर पर सुबह उठते ही लोग चाय पीना पसन्द करते हैं। चाय पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक या लाभकारक यह तो बहस का विषय है, लेकिन यदि सुबह की शुरूआत गुनगुने पानी को पीकर की जाए तो यह आपकी दिनचर्या और स्वास्थ्य को लाभकारी बनाता है। यूं तो 12 महीने आप गुनगुने पानी को पी सकते हैं, लेकिन सर्दियों में गुनगुने पानी का सेवन शरीर के लिए ज्यादा लाभकारी होता है। गर्म पानी का सेवन करने से शरीर के सभी हानिकारक तत्व (टॉक्सिंस) आसानी से बाहर निकलते हैं और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। पानी पीने का तरीका और सही समय कई तरह की बीमारियों को भी दूर रखता है। आज हम अपने खास खबर डॉट कॉम के पाठकों को यह बताने जा रहे हैं कि गुनगुने पानी का सेवन कैसे आपके शरीर को प्रभावित करते हुए सेहतमंद बनाता है। आइए डालते हैं एक नजर-

गैस और कब्ज की समस्या से मिलता है छुटकारा : सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से कब्ज की समस्या दूर होती है और गैस बनना भी बंद हो जाता है। दरअसल रात को सोते वक्त हमारे मुंह में जो लार बनती है वो कई तरह के रोगों से बचाती है, क्योंकि उसमें ऑक्सलाइड तत्व होते हैं। ये ही वजह है कि आयुर्वेद में भी सुबह उठते ही गुनगुने पानी पीने को सेहत के लिए फायदेमंद बताया गया है।

भूख बढ़ती है : स्वास्थ्य विशेषज्ञ के मुताबिक, खाली पेट गर्म पानी पीने से भूख भी बढ़ती है। इससे सुबह का नाश्ता करने में आपको परेशानी नहीं होती और भरपूर नाश्ता करने के कारण शरीर में दिनभर ऊर्जा बनी रहती है। थकान भी नहीं लगती।

सिर दर्द से राहत: अगर आपको सिर दर्द की समस्या है तो रोजाना सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीने की आदत डालें। दरअसल, शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी न होने से सिर दर्द होता है। इसलिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं और रोज सुबह एक गिलास पानी के साथ दिन की शुरुआत करें।

रक्त संचार में सुधार: गर्म पानी के निरंतर सेवन से आपके रक्त संचार में सुधार होता है। गुनगुना पानी हमारे शरीर में जमने वाले फैट को निकाल देता है, जिससे आप तनाव मुक्त महसूस करती हैं। इससे कार्डियो वैस्कुलर बीमारियों के जोखिम को भी कम किया जा सकता है।

मोटापे की समस्या के लिए रामबाण: अगर आप मोटापे से परेशान हैं, तो सुबह उठते ही खाली पेट गुनगुना पानी पीजिये। यह आपके लिए रामबाण साबित होगा। दरअसल, रोज सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने से आपका वजन कम होता है। आप गुनगुने पानी में नींबू मिला लें और प्रतिदिन सुबह उठते ही पिएं और फिर देखिए कैसे वजन कम होता है।

त्वचा में आता है निखार: गुनगुना पानी पीने से त्वचा में निखार आता है। शरीर में अधिक विषाक्त पदार्थ होते हैं, तो इससे त्वचा पर दाग धब्बे हो जाते हैं। त्वचा मुरझा जाती है और चमक चली जाती है। पानी तो त्वचा में निखार लाने में मददगार होती ही है। रोज सुबह उठकर एक गिलास पानी पीने से दाग-धब्बे से भी मुक्ति मिलती है।

पीरियड्स में फायदेमंद: हर महीने होने वाले पीरियड्स में आप दर्द से परेशान रहती हैं। ऐसे में आपकी इस परेशानी को दूर करने के लिए हम एक कारगर उपाय बता रहे हैं, जो आपको राहत पहुंचा सकता है। पीरियड्स के दौरान गर्म पानी से पेट की सिकाई हो जाती है जिससे दर्द में आराम मिल सकता है।

हेयर ग्रोथ में भी मददगार: जब आप गुनगुना पानी पीना शुरू करती हैं, तो इससे आपके शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। यह बालों की ग्रोथ के लिए भी जरूरी है। जब स्कैल्प तक बेहतर ऑक्सीजन की सप्लाई होती है, तो आपके बाल पहले से ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाते हैं।

बॉडी को करता है डिटॉक्स: गुनगुने पानी के निरंतर सेवन से आपके शरीर में तापमान की बढ़ोतरी होती है, जिससे शरीर का एंडोक्राइन सिस्टम सक्रिय हो जाता है और पसीना आने लगता है और इसी के कारण शरीर में मौजूद विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

इम्यूनिटी के लिए फायदेमंद : हर सुबह एक गिलास गर्म पानी में आधे नींबू का रस मिलाकर पीने से शरीर को विटामिन सी और पोटेशियम की अच्छी मात्रा मिलती है। खाली पेट गर्म पानी का सेवन करने से वजन कम होता है और इम्यूनिटी बूस्ट होती है। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -034

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले कमजोर है भाजपा

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले माहौल पूरा गरम है। केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने आजमाए हुए दांव के तौर पर चुनाव से ठीक पहले प्रदेश की भाजपा विरोधी पार्टी यानी तृणमूल कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसियों के दम पर परेशान करने लगी है तो दूसरी ओर ममता बनर्जी अपनी आदत के मुताबिक सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन कर रही हैं और टकराव को नए मुकाम तक ले जा रही हैं। लेकिन अगर वस्तुनिष्ठ तरीके से देखें और पश्चिम बंगाल में भाजपा की ताकत व कमजोरी का आकलन करें तो पता चलेगा कि ताकत के नाम पर भाजपा के पास सिर्फ नैरेटिव है। उसके पास न तो बहुत मजबूत संगठन है, न मजबूत नेता हैं और न भाषा व संस्कृति के जरिए राजनीति को प्रभावित करने की सलाहियत है। इन सबमें वह तृणमूल कांग्रेस के मुकाबले कमजोर है।

भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की राजनीति का नैरेटिव है, जिसका बहुत प्रभावी तरीके से वह राजनीतिक इस्तेमाल करती है। इस नैरेटिव का व्यावहारिक पहलू घुसपैठिए हैं। हिंदुत्व और राष्ट्रवाद दोनों की राजनीति घुसपैठियों के दम पर ही चलने वाली है। भाजपा का आरोप है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों को फ्री पास दे रखा है। केंद्र सरकार कहती है कि ममता बनर्जी की सरकार जमीन नहीं देती है ताकि सीमा पर बाड़ेबंदी हो सके। यह भी आरोप है कि ममता बनर्जी की वजह से पश्चिम बंगाल की जनसंख्या संरचना बदल रही है। मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। कई जिलों में हिंदू अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं। हिंदुओं को अपने धार्मिक त्योहार मनाने से रोका जाता है। पूजा करने, पंडाल बनाने और विसर्जन के लिए सरकार के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों की अनुमति लेनी होती है।

दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के लोग सड़कों पर कब्जा करके जो करना होता है वह करते हैं। भाजपा की सरकार बनी तो वह इस स्थिति को बदलेगी। घुसपैठ रोकेगी और राज्य में रह रहे तमाम घुसपैठियों की पहचान करके उनको बाहर निकालेगी। हालांकि दूसरे राज्यों में भाजपा के रिकॉर्ड को देखते हुए कहा जा सकता है कि इस नैरेटिव के पीछे आंकड़ों का कोई मजबूत आधार नहीं है। आखिर 10 साल उत्तर प्रदेश में और 11 साल हरियाणा में रहने के बाद भी भाजपा वहां घुसपैठियों का मुद्दा बना रही है। 10 साल सत्ता में रहने के बाद असम में भी घुसपैठ का ही मुद्दा है। वह किसी भी राज्य को घुसपैठ से मुक्त नहीं कर सकी। तभी यह नैरेटिव झारखंड में बुरी तरह से फेल हुआ था।

बहरहाल, भाजपा की सीमाओं या कमजोरियों की बात करें तो भाषायी अस्मिता वाले राज्यों में उसके लिए हमेशा समस्या रही है। यह समस्या नेतृत्व से जुड़ी हुई है। ऐसा लगता है कि भाजपा का मौजूदा नेतृत्व इस बात को समझ नहीं रहा है या समझ रहा है तो इस जिद में है कि मोदी और शाह जब पूरे देश में जीत रहे हैं तो बंगाल कैसे नहीं जीत सकते हैं। अगर दोनों नेता यह जिद छोड़ दें और वस्तुनिष्ठ आकलन करें तो पता चलेगा कि भाषायी अस्मिता वाले किसी भी राज्य में भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने जीत नहीं दिलाई। भाषायी अस्मिता वाले राज्यों या भाषा के आधार पर बने राज्यों में भाजपा को प्रादेशिक नेताओं ने ही जीत दिलाई। भाषा के आधार पर बने राज्यों में भाजपा को पहली जीत गुजरात में मिली थी।

भले मंदिर आंदोलन से माहौल बना हुआ था और उस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लालकृष्ण आडवाणी गुजरात के थे फिर भी 1995 की वह जीत अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी ने नहीं दिलाई थी, बल्कि केशुभाई पटेल, शंकर सिंह वाघेला, कांशीराम राणा, नरेंद्र मोदी, संजय जोशी आदि नेताओं की मेहनत के दम पर मिली थी। ऐसे ही 1995 की ही महाराष्ट्र की जीत वाजपेयी, आडवाणी और जोशी की तिकड़ी की नहीं थी, बल्कि बाल ठाकरे, गोपीनाथ मुंडे, प्रमोद महाजन आदि की थी।

2008 में कर्नाटक की जीत भी भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की नहीं, बल्कि बीएस येदियुरप्पा की थी। भाषा के आधार पर बने दूसरे राज्यों में भाजपा इसलिए कामयाब नहीं हो पाई है क्योंकि वहां उसके पास मजबूत नेता नहीं हैं और राष्ट्रीय नेतृत्व वहां की भाषा और संस्कृति के राजनीतिक पहलू को साधने में सफल नहीं हो पा रहा है। पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की यह बड़ी कमजोरी है।

ममता बनर्जी ने लेफ्ट पार्टियों के मोर्चे की तरह बिल्कुल नीचे तक अपना संगठन बनाया है और अपने कैडर को मजबूत किया है। उनको आर्थिक रूप से सक्षम और मजबूत बनाया है। दूसरी ओर भाजपा अपने नेताओं के प्रयोग करती रही और अंत में ममता बनर्जी की पार्टी के ही शुभेंदु अधिकारी के सहारे लड़ना शुरू किया। उसको लग रहा है कि पूर्वोत्तर के दूसरे राज्यों की तरह ही वह बंगाल में भी कर लेगी। जैसे असम में हिमंत बिस्वा सरमा या त्रिपुरा में माणिक सरकार या अरुणाचल में पेमा खांडू हैं वैसे ही शुभेंदु अधिकारी बंगाल में नेता बन जाएंगे। लेकिन ममता बनर्जी के रहते यह आसान नहीं दिख रहा है। तभी माना जा रहा था कि अगर ईडी की छापेमारी को बाधित करने के मामले में राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता तो ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़तीं। उनके लोग कमजोर होते और जमीन पर लड़ने की ताकत घटती। लेकिन वह नहीं हुआ है। सो, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार के नैरेटिव पर भाजपा चुनाव लड़ेगी। नैरेटिव की ताकत उसे एक सीमा तक ले जा सकती थी। वहां तक भाजपा पहुंच गई है। उसके आगे जाने के लिए ठोस और व्यावहारिक राजनीतिक ताकत की जरुरत है, जो अभी भाजपा के पास नहीं दिख रही है। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# शादी के 10 साल और यह सफर अभी भी जारी है: असिन



फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर अभिनेत्री असिन थोट्टुमकल एक बार फिर चर्चाओं में हैं। न्होंने शादी की 10वीं सालगिरह के जश्न की झलक साझा की, जिसे उन्होंने बेहद खास और रोमांटिक अंदाज में मनाया। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से पहचान बनाने वाली असिन भले ही अब फिल्मों में नजर नहीं आतीं, लेकिन उनकी झलक का फैंस आज भी इंतजार करते हैं। खास मौके पर असिन ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशियों को लोगों के साथ साझा किया। असिन ने अपनी 10वीं वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर इंस्टाग्राम स्टोरीज में कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। इनमें उनके पति और बिजनेसमैन राहुल शर्मा भी नजर आए। एक वीडियो में राहुल शर्मा असिन के लिए मशहूर गायक जॉन लेजेंड का गाना ऑल ऑफ मी गाते दिखाई दिए। इस दौरान असिन की हंसी साफ देखी जा सकती है।

असिन ने सबसे पहले एक खूबसूरत सैंड आर्ट की तस्वीर साझा की, जिसे उन्होंने खुद बनाया। इस पर लिखा ए+आर = एआर, और इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, शादी के 10 साल पूरे हो चुके हैं और यह सफर अभी भी जारी है।

इसके बाद असिन ने कुछ वीडियो पोस्ट किए, जिनमें उनकी एनिवर्सरी सेलिब्रेशन की शानदार सजावट देखने को मिली। एक रोमांटिक कैनोपी को लाइटिंग, पर्दे और गुलाब की पंखुड़ियों के साथ खास तरीके से सजाया गया। एक वीडियो के बैकग्राउंड में हॉलीवुड फिल्म टाइटैनिक का मशहूर गाना माई हार्ट विल गो ऑन बज रहा है।

इस खास मौके पर असिन ने बेटी आरिन का नोट भी शेयर किया, जिसे उनकी बेटी ने अपने हाथों से लिखा था, हैप्पी एनिवर्सरी मम्मी-पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। पूरी दुनिया में आप सबसे अच्छे मम्पी-पापा हैं। असिन और राहुल शर्मा की शादी जनवरी 2016 में हुई थी। पहले उनकी शादी ईसाई रीति-रिवाज से हुई और उसके बाद हिंदू परंपरा के अनुसार विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद असिन ने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। साल 2017 में दोनों आरिन के माता-पिता बने।

# डेटिंग के लिए प्रोफेशन नहीं, इंसान मायने रखता है : शिवांगी जोशी



टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री शिवांगी जोशी अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में खास जगह रखती हैं। उन्होंने हाल ही में डेटिंग और रिलेशनशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। अभिनेत्री ने हाल ही में बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉपुलर पॉडकास्ट ऑनेस्टली, व्हाई नॉट? में स्पेशल गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी। इस शो में होस्ट ने अभिनेत्री से मनोरंजन जगत के लोगों को डेट करने के बारे में सवाल किया था। होस्ट ने पूछा था कि क्या वे इंडस्ट्री के लड़कों को डेट करना पसंद करेंगी या नहीं। इस सवाल का जवाब देते हुए अभिनेत्री ने साफ तरीके से कहा कि उनके लिए किसी भी रिश्ते की नींव इंसानियत, आदर और आपसी समझ पर टिकी होना जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि प्यार का किसी इंडस्ट्री या प्रोफेशन से कोई लेना-देना है। यह पूरी तरह से इंसान पर निर्भर करता है। असल में ये सब सम्मान, समझदारी, सच्चा प्यार और अच्छे मूल्यों पर आधारित होता है। इसलिए किसी का प्रोफेशन मेरे लिए मायने नहीं रखता है। हालांकि, अभिनेत्री अपनी लव लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रहती हैं। उनका नाम मोहसिन खान और कुशाल टंडन के साथ जोड़ा जाता है।

शिवांगी ने अपने करियर में टीवी से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक में काम किया है, लेकिन आज भी फैंस उन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है से पहचानते हैं। इस शो में वे नायरा के किरदार में नजर आई थीं। शो में उनके अपोजिट मोहसिन खान नजर आए थे। कहा जाता है कि शो के दौरान दोनों रिलेशन में थे। हालांकि, फिर उन्होंने ब्रेकअप कर लिया था, लेकिन दोनों ने कभी भी अपने ब्रेकअप को लेकर बात नहीं की।

इसके बाद अभिनेत्री टीवी सीरियल बरसातें में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ कुशाल टंडन थे। शो के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्यार में बदल गई थी। वहीं, कुछ समय बाद उनके ब्रेकअप की खबरें सामने आईं। इस बात की पुष्टि खुद कुशाल ने सोशल मीडिया पर की थी, यह बताते हुए कि वे अब साथ नहीं हैं और उनकी सोच नहीं मिलती थी।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ-गांव बचाओ रैली निकालकर किया प्रदर्शन

नई टिहरी(आरएनएस)। मनरेगा बचाओ-गांव बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मनरेगा योजना को बहाल करने की मांग उठाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल और प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में हनुमान चौक से विधि विहार होते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। विधायक नेगी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों के लिए मनरेगा रोजगार गारंटी योजना शुरू की थी लेकिन भाजपा सरकार ने उसे बदलकर विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार योजना में तब्दील कर भगवान राम के नाम से जोड़कर लोगों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा में किसी वजह से जब श्रमिकों को रोजगार नहीं मिलता था,उन्हें रोजगार भत्ता दिए जाने का प्रावधान था। सरकार ने उसे भी खत्म कर दिया है। जिससे अकुशल श्रमिकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष खंडवाल ने कहा कि कांग्रेस गत एक माह से मनरेगा योजना बदलने का विरोध कर रही है जब तक पुन: मनरेगा योजना की बहाली नहीं की जाती है। कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

# स्वच्छता अभियान को नई पहचान, नगर निगम ने किन्नर को बनाया ब्रांड एंबेसडर

हरिद्वार(आरएनएस)। नगर निगम ने स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सराहनीय और अलग पहल करते हुए किन्नर समाज से जुड़ी एक प्रतिनिधि को स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। नगर निगम का मानना है कि इस निर्णय से समाज के हर वर्ग तक स्वच्छता का संदेश प्रभावी तरीके से पहुंच सकेगा। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने किन्नर सोनिया को नगर निगम का ब्रांड एंबेसडर बनाने का पत्र अपने कार्यालय में सौंपा। नगर निगम अधिकारियों का कहना है राज्य में इस प्रकार नगर निगम ने पहली बार किसी किन्नर को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कि ब्रांड एंबेसडर विभिन्न मोहल्लों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अंतर्गत साफ-सफाई, कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने जैसे विषयों पर जनसंवाद किया जाएगा। नगर निगम द्वारा उन्हें सहयोग, प्रचार सामग्री एवं अभियान से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। किन्नर समाज को इस मुहिम से जोड़कर हम समावेशी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल लोगों को प्रेरित करेगी और स्वच्छ हरिद्वार के लक्ष्य को साकार करने में मददगार साबित होगी।

## सू- दोकू क्र.034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.33 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# एम्स ऋषिकेश में विश्व कैंसर दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ

ऋषिकेश(आरएनएस)। एम्स ऋषिकेश में विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने लोगों को कैंसर के लक्षण और बचाव की जानकारी दी। कैंसर योद्धाओं ने अपनी कहानी साझा कर व्यक्तिगत देखभाल के महत्व पर जोर दिया।

एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि कैंसर घातक बीमारी है लेकिन समय पर जांच करवाकर सही इलाज शुरू करने से रोगी की जान बचाई जा सकती है। गायनी विभाग की हेड प्रो. जया चतुर्वेदी ने कहा कि अचानक वजन कम होने, लगातार थकान महसूस करने या शरीर के किसी अंग में गांठ बनने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करना कैंसर से बचने की कुंजी है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या श्री, मेडिकल ऑन्कोलोजी हेमोटोलॉजी विभाग के हेड प्रो. उत्तम नाथ, डॉ. अमित सहरावत और डॉ. दीपक सुन्दरियाल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डॉ. स्वीटी गुप्ता, डॉ. दीपा एम. जोसफ, बाल रोग विभागाध्यक्ष प्रो. नवनीत भट, डॉ. मोहित धींगढ़ा, डॉ. दलजीत कौर आदि मौजूद रहे।

सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक एम्स के गायनेकोलॉजी विभाग द्वारा ओपीडी एरिया में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को सर्वाइकल कैंसर से जुड़े जोखिम कारकों, कारणों, लक्षणों और इलाज के विकल्पों के बारे में जानकारी दी। मौके पर सीएनओ डॉ. अनीता रानी कंसल, डॉ. अनुपमा बहादुर, वंदना, अंशु, दीपिका, दीप्ति रावत, अनीता शर्मा आदि रहे। कैंसर योद्धाओं को किया सम्मानित ऋषिकेश। एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कैंसर को हराकर स्वस्थ जीवन जी रहे 15 बच्चों को सम्मानित किया। इनमें 4 साल से 17 साल तक की कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी का एम्स में ही इलाज हुआ है और समय रहते इलाज करवाने के बाद अब ये सभी स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं।

# गहड़ गांव में नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरु

श्रीनगर गढ़वाल(आरएनएस)। मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नगर निगम क्षेत्र श्रीनगर के अंतर्गत आने वाले गहड़ गांव में नर्सिंग कॉलेज को खोला जाना प्रस्तावित है। इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में गहड़ गांव में नर्सिंग कॉलेज और भरसार विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने की योजना थी लेकिन यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। वर्ष 2012 से क्षेत्र के लोग यहां नर्सिंग कॉलेज खोले जाने की बाट जोह रहे हैं। अब यहां पर मेडिकल कॉलेज श्रीनगर का नर्सिंग खोले जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाना है। स्थानीय राजेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज व पशु चिकित्सा महाविद्यालय के लिए करीब 2200 नाली (नापखेत सहित सरकारी) जमीन चिह्नित की गई है। इसमें से भरसार कृषि विवि के नाम दर्ज भूमि को अब नर्सिंग कॉलेज के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। करीब 110 नाली जमीन स्थानीय लोगों ने दान की है। उन्होंने बताया कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से इस मामले में विशेष पहल की जा रही है।

# चालक-परिचालक को पुलिस ने किया सम्मानित

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। जागरूक नागरिक होने के नाते दो बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने पर बस चालक उपेंद्र थपलियाल और परिचालक ऋतुराज सिंह को पुलिस ने सम्मानित किया। कुछ दिन पूर्व रुद्रप्रयाग जिले की दो बालिकाएं बिना बताए घर से कहीं चली गई थीं। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बालिकाओं का विवरण सीमावर्ती जनपदों और थाना-चौकियों को प्रसारित किया। उसी दौरान बस चालक उपेंद्र थपलियाल निवासी मयाली, रुद्रप्रयाग और परिचालक ऋतुराज सिंह निवासी मातली उत्तरकाशी ने देखा कि उनकी बस में दो बालिकाएं अकेली बैठी हैं। उनके पास न तो टिकट के पैसे थे और न ही कोई अभिभावक। संदेह होने पर उन्होंने बालिकाओं को सुरक्षित पुलिस चौकी कलियासौड़ (कोतवाली श्रीनगर, जनपद पौड़ी गढ़वाल के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया। पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल और प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र बलूनी ने चालक उपेंद्र थपलियाल और परिचालक ऋतुराज सिंह को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

# जाख गांव में भी सार्वजनिक कार्यों में पूर्ण शराबबंदी

चमोली(आरएनएस)। विकासखंड के जाख गांव में ग्रामीणों ने बैठक कर गांव में सार्वजनिक कार्यों में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया। साथ ही गांव में जुआ खेलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया यदि कोई भी नियमों का उल्लंघन करता है तो ग्राम पंचायत की ओर से उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। ग्राम प्रधान कुसुम देवी की अध्यक्षता में पंचायत भवन में आयोजित बैठक में महिलाओं ने कहा कि शराब के कारण युवा पीढ़ी भी इसकी चपेट में आ रही है। गांव में जगह-जगह शराब पीकर लोग गांव का माहौल खराब कर रहे हैं। ऐसे में गांव में पूर्णत: शराबबंदी लागू होनी चाहिए। इस मौके पर चैता देवी, ममंद अध्यक्ष ममता देवी, मुकेश पलनाई, पुरेंद्र सिंह नेगी और गोविंद डंगवाल आदि मौजूद रहे।

# भालू ने महिला पर किया हमला, हालत गंभीर, एयर एंबुलेंस से हायर सेंटर रेफर

पौड़ी(आरएनएस)। पौड़ी में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। भी पाबौ विकासखंड के खंडुली गांव में भालू ने जंगल में चारा लेने गई एक महिला पर अचानक हमला कर दिया। महिला को 108 एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार दिया। चिकित्सकों ने महिला की स्थिति को गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार सुबह लगभग 11:30 बजे की बताई जा रही है। महिला ज्योति देवी, पत्नी जगदीश जंगल जा रही थी, इसी बीच भालू ने उस पर हमला कर दिया।

# नगर पालिका पर लगाया ताबांखानी का कूड़ा भागीरथी किनारे डालने का आरोप

उत्तरकाशी(आरएनएस)। बड़ेथी-मनेरा बाईपास के समीप भागीरथी नदी किनारे कई टन कूड़ा फेंका गया है। उत्तराखंड क्रांति दल ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इसकी वीडियो जारी कर कहा है कि यह ताबांखानी से उठाया गया कूड़ा है।

इसका निस्तारण की बजाया इसे बड़ेथी में बाईपास के किनारे फेंका गया है। दूसरी ओर कूड़ा निस्तारण की मांग को लेकर धरने पर बैठे आंदोलनकारियों का कहना है कि 60 प्रतिशत कूड़ा उठने के बाद कार्य गति धीमी हो गई है। पूर्व में नाकुरी-सिंगोटी के बीच में गंगोत्री हाईवे के किनारे कूड़ा फेंका हुआ मिला था तो उसके बाद अब नगर से कुछ दूरी पर बड़ेथी-मनेरा बाईपास के समीप भागीरथी नदी के किनारे कूड़ा डाला गया है। यूकेडी ने कूड़े की वीडियो सोशल मीडिया के पेज पर शेयर कर आरोप लगाया है कि यह नगर का कूड़ा ही बड़ेथी में फेंका गया है। उसका किसी प्रकार का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। सीधा कूड़ा भागीरथी नदी में जा रहा है। वीडियो के माध्यम से यूकेडी कार्यकर्ताओं ने पालिका प्रशासन से सवाल पूछा है कि अगर इसी प्रकार नदी के किनारे कूड़ा फेंककर उसे दूषित करना है तो तांबाखानी से कूड़ा हटाने का दिखावा क्यों किया जा रहा है। हालांकि नगर पालिका बाड़ाहाट के अधिकारियों ने इसे नगर को कूड़ा मानने से इन्कार कर दिया है।

ईओ शालिनी चित्राण का कहना है कि कूड़ा पूरा उठ चुका है। नए कूड़े को निस्तारण के लिए सीधा भेजा जा रहा है। दूसरी ओर ताबांखानी से कूड़ा निस्तारण की मांग को लेकर धरने पर बैठे गोपीनाथ रावत का कहना है कि उनके आंदोलन के बाद पालिका की ओर से 60 प्रतिशत कूड़ा जल्दी उठाया गया। अब कूड़ा उठाने की कार्यगति धीमी कर दी गई है जबकि पूर्व में जिलाधिकारी ने वहां पर स्थलीय निरीक्षण किया था।



# ट्रेकिंग में फंसे 10 युवकों को पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर निकाला

संवाददाता

देहरादून। ट्रेकिंग में फंसे दस युवकों को पुलिस ने सकुशल रेस्क्यू कर निकाल लिया। मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि पुलिस कंट्रोल रुम 112 के माध्यम से थाना सहसपुर को सूचना प्राप्त हुई कि करीब 10 व्यक्ति, जो भदराज ट्रेकिंग पर गये थे, रात में अधेरा होने के कारण अपने ट्रेकिंग रुट से भटक कर जंगल में चले गये है और उन्हें रास्ते का कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सहसपुर द्वारा तत्काल कोतवाली मे रेस्क्यू टीम गठित कर उक्त व्यक्तियों की तलाश हेतु मय राहत एवं बचाव उपकरणों के भदराज ट्रेकिंग रुट हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा कोटी में पहुँचकर वन विभाग के वीट अधिकारी व गाँव के व्यक्तियों का सहयोग लेते हुए रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाया गया व देर रात्रि काफी ढूंढ खोज व सकारात्मक प्रयास से भदराज जंगल ट्रेक से 10 व्यक्तियों क्रमश: अभिषेक चौहान पुत्र शिवराम निवासी विकासनगर, हेमन्त पुत्र मदन गोपाल निवासी श्यामपुर प्रेमनगर, प्रिन्स पुत्र घनश्याम वर्मा निवासी मिठ्ठी बेरी प्रेमनगर, शिवम पुत्र सुनील प्रसाद अर्चित पुत्र राजेश निवासी स्पेशल विंग, प्रेमनगर, सक्षम घई पुत्र हरीश घई निवासी प्रेमनगर, मंयक राय पुत्र मनोज राय निवासी मिठ्ठी बैरी, प्रेमनगर, शिवाशु पुत्र सन्तोष उज्जवल पुत्र प्रवेश निवासी प्रेमनगर को देर रात्रि में काफी कठिनाई व परिश्रम के द्वारा कोटी गाँव से लगभग 03 किलोमीटर ऊपर जंगल में सर्च अभियान के दौरान सकुशल रेस्क्यू करते हुये निकाला गया तथा सभी युवको को उनके गनत्वय को भिजवाया गया।

# प्रभारी सचिव ने किया निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। प्रभारी सचिव रुद्रप्रयाग आर. राजेश कुमार ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान आज जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग के मुख्य बाजार (पुनाड गदेरे) के समीप निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की भौतिक प्रगति, गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

प्रभारी सचिव ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि पार्किंग निर्माण शीघ्र पूर्ण होकर आमजन को इसका लाभ मिल सके। प्रभारी सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि इस पार्किंग के निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि केदारनाथ धाम सहित चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों को भी सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि रुद्रप्रयाग मुख्यालय चारधाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव होने के कारण यहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में यात्री पहुंचते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से मुख्य बाजार क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन की मांग पर शासन द्वारा मुख्य बाजार के निकट मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण हेतु शासन से 7 करोड़ 9 लाख 74 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 2.84 करोड़ रूपये की धनराशि जारी भी की जा चुकी है। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सिंचाई खंड रुद्रप्रयाग को सौंपी गई है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता सिंचाई खुशवंत सिंह, तहसीलदार रुद्रप्रयाग प्रणव पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपनी गोद ली हुई पुत्री खुशी शर्मा पुत्री जगपाल जो कि पिछले कुछ समय से मेरे कहने सुनने में नहीं है। उनके किसी भी कृत्य के लिए वह व उनका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह इनको अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल व अपने सम्बन्द विच्छेद कर रहा है। इनकी किसी भी कृत्य से उसका कुछ लेना देना नहीं होगा।

**महेश पुत्र शिव शंकर**

निवासी- 135/5 इन्द्राकालोनी चुक्खुवाला, देहरादून।


# संवासिनियों व बालिकाओं को कराया गया 'एक्सपोजर विजिट'

## ❑मॉल भ्रमण कर देखी देशभक्ति फिल्म

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं देहरादून जिला प्रशासन के सतत, संवेदनशील और मानवीय प्रयासों के परिणामस्वरूप देहरादून स्थित राजकीय महिला कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र (नारी निकेतन) तथा बालिका निकेतन में निवासरत संवासिनियों और बालिकाओं को आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में निरंतर सशक्त किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सविन बंसल के मार्गदर्शन एवं उनकी संवेदनशील पहल पर नारी निकेतन की संवासिनियों एवं बालिका निकेतन की बालिकाओं के लिए एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल भ्रमण या मनोरंजन नहीं, बल्कि उन्हें सामाजिक वातावरण से जोड़कर आत्मविश्वास, अपनत्व और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करना रहा। नारी निकेतन में निवासरत महिलाओं को क्रॉसरोड मॉल ले जाया गया, जहाँ उन्हें बहुचर्चित देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर-2' दिखाई गई। इसके उपरांत स्थानीय रेस्टोरेंट में स्नेहपूर्ण वातावरण में दोपहर का भोजन कराया गया तथा मॉल में स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस दौरान संवासिनियों के चेहरों पर झलकती प्रसन्नता, आत्मविश्वास और अपनत्व की अनुभूति इस बात का प्रमाण थी कि वे पुन: समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। उनके मन-मस्तिष्क में एक नई आशा, नई शुरुआत और बेहतर भविष्य का संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा



था। वहीं बालिका निकेतन की बालिकाओं को सिल्वर सिटी, पेसिफिक मॉल तथा राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन का ऐतिहासिक एवं शैक्षिक भ्रमण कराया गया। सिल्वर सिटी मॉल में बालिकाओं को देशभक्ति फिल्म दिखाई गई। भ्रमण के दौरान बालिकाओं के जलपान, सुरक्षा एवं देखरेख की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस एक्सपोजर विजिट के माध्यम से बालिकाओं ने शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आनंद लेते हुए व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित किया। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संरक्षण गृहों में निवासरत असहाय महिलाओं एवं अनाथ बालिकाओं को सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे आत्मसम्मान के साथ समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें और सकारात्मक सोच के साथ अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि इन महिलाओं और बालिकाओं को सम्मान, स्नेह और सामान्य सामाजिक वातावरण प्राप्त हो, तो उनका पुनर्वास अधिक प्रभावी, स्थायी और सार्थक बन सकता है। जिलाधिकारी ने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इसी भावना के साथ भविष्य में भी ऐसे संवेदनशील, मानवीय और प्रेरणादायी प्रयास करता रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह एक्सपोजर विजिट न केवल संवासिनियों और बालिकाओं के चेहरों पर मुस्कान लेकर आया, बल्कि उनके सपनों को नई दिशा, नई उड़ान और नया विश्वास भी प्रदान कर गया। जिलाधिकारी के प्रयासों से यह पहल नारी निकेतन की संवासिनियों के मानसिक, सामाजिक एवं भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक अनूठा और प्रेरणादायी उदाहरण बनी है। यह पहल टूटे विश्वासों को संजोने, बिखरी जिंदगियों को सहारा देने और नई शुरुआत का साहस जगाने की एक सशक्त एवं जीवंत कोशिश है। इस पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, नारी निकेतन की अधीक्षिका सोनल राणा सहित केंद्र का स्टॉफ उपस्थित रहा, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया।

## कोर्ट परिसर में मारपीट का आरोप

संवाददाता

देहरादून। कोर्ट परिसर में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी मेहर सिंह बेलवाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से सिविल कोर्ट में आया था। वह सिविल कोर्ट परिसर में खडा था तभी वहां पर जुबैर अहमद व प्रवीन सिंह आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब आसपास के लो बीच बचाव कराने पहुंचे तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## भाई पर मारपीट का आरोप

संवाददाता

देहरादून। भाई पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी दीपा शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई रोहित शर्मा ने उसके व उसकी मां के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# रीता महेश्वरी के निधन पर लघु व्यापारियों ने शोक व्यक्त किया

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापार एसोसिएशन ने रीता महेश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

आज यहां उत्तराखंड मंसूरी में रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारी अपनी न्याय संगत मांगों के लिए आंदोलन कर रहे आंदोलन कार्यरियो में मंसूरी बर्फबारी के दौरान पैर फिसलने से चोटिल हुई रीता महेश्वरी के निधन के उपरांत मंसूरी के लघु व्यापारियों का समर्थन कर रहे लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने अलकनंदा घाट पर मां गंगा के समीप रीता महेश्वरी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर मां गंगा से साथियों सहित आत्मा की शांति की प्रार्थना की साथ ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की मंसूरी में अपनी न्याय संगत मांगों के लिए संघर्ष कर रहे लघु व्यापारियों का संज्ञान लेकर पूरे प्रकरण की जांच कराकर उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार मंसूरी के लघु व्यापारियों को उनके उचित स्थान पर स्वतंत्र रूप से स्वरोजगार करने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो.के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा मंसूरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों की न्याय संगत मांगों के लिए नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी )द्वारा भारत सरकार में राज्य सरकार से पत्राचार कर मंसूरी के लघु व्यापारियों की जायज मांगों के लिए उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है



उन्होंने अभी कहा स्वर्गीय रीता माहेश्वरी के परिजनों को उचित अनुदान राशि सरकार की ओर से उपलब्ध कराया जाना न्याय संगत होगा। उत्तराखंड मंसूरी में रेड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के संघर्ष के साथ संघर्ष कर रही अपने प्राण निछावर करने वाली रीता माहेश्वरी को मां गंगा के समीप मौन रखकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते लघु व्यापारियों में राजकुमार, शुभम सैनी ,शिव चौहान, सुमित कुमार ,मोहनलाल ,फूल सिं , वीरेंद्र ,प्रभात चौधरी, अशोक कुमार, सोनू ,विवेक कुमार, चंदन रावत ,जय सिंह बिष्ट ,रवि कुमार ,मनोज आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी

## स्कूल का समय अमूल्य होता है जो दोबारा लौटकर नहीं आताः धामी

संवाददाता

देहरादून। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 9वें संस्करण मे शामिल होते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता।

आज यहां मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण से जुड़ा है। यह आयोजन अब केवल संवाद नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। प्रधानमंत्री का संदेश हमें यह सिखाता है कि परीक्षा जीवन की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन सम्पूर्ण जीवन नहीं। मुख्यमंत्री ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता। इसलिए विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य गतिविधियों में भी निरंतर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक अवसर है, जिसमें छात्र एक योद्धा की तरह पूरे



आत्मविश्वास, धैर्य और शांति के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं। केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना ही काबिलियत नहीं, जीवन में और भी अनेक लक्ष्य होते हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ने तथा परीक्षा के दबाव से मुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनकी तुलना दूसरों से न करें। संदर्भित है कि परीक्षा पे चर्चा 2026 के अंतर्गत देशभर में चार करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पंजीकरण किया है, जिससे पूर्व का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है। उत्तराखंड राज्य से इस वर्ष लगभग 7 लाख विद्यार्थी, 53 हजार से अधिक शिक्षक एवं 14 हजार से अधिक अभिभावक जुड़े हैं, जबकि गत वर्ष यह संख्या 2 लाख 98 हजार विद्यार्थियों तक सीमित थी। राज्य के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए 10 प्रेरक वीडियो में से एक वीडियो राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है, जो राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाला कुराली, विकासखंड जखोली, जनपद रुद्रप्रयाग के छात्र रोहन सिंह राणा द्वारा तैयार किया गया है। रोहन सिंह राणा को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में दिल्ली आमंत्रित किया गया है, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक शिक्षा सुश्री दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी और मनोहर लाल पहुंचे उत्तराखंड



हमारे संवाददाता

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर आज उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का स्वागत किया।

बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समारोह में शामिल होने के लिए अपने गांव पंचूर जाएंगे साथ ही जनता इंटर कॉलेज यमकेश्वर में नवनिर्मित कक्षा कक्षों के लोकार्पण समारोह में भी शामिल होंगे। जनता इंटर कॉलेज चमकोट खाल में योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 9 की पढ़ाई की थी। पंचूर गांव में जन्मे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 1 से 5 तक प्राथमिक विद्यालय पंचूर, कक्षा 6 से 8 तक जूनियर बिथ्याणी, कक्षा 10 खाड़ी हाई स्कूल नरेंद्र नगर, टिहरी गढ़वाल, कक्षा 11 एवं 12 भरत मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश जबकि स्नातक की पढ़ाई कोटद्वार महाविद्यालय से की थी। प्रशासन का कहना है कि यमकेश्वर और बिथ्याणी में हेलिपैड तैयार किया जा रहा है। वहीं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सड़क मार्ग से हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। जहां वह सप्तऋषि क्षेत्र में ब्रहमलीन संत स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज की मूर्ति स्थापना समारोह में शामिल होंगे।

### ❑सीएम धामी ने किया स्वागत

# माय भारत बजट क्वेस्ट -2026 का आयोजन

संवाददाता

देहरादून। युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्वेस्ट -2026 का आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत संचालित माय भारत प्लेटफार्म के माध्यम से युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से माय भारत बजट क्वेस्ट -2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 से जोड़ना,राष्ट्रीय आर्थिक विमर्श में उनकी सहभागिता बढ़ाना तथा विकास की प्राथमिकताओं के प्रति उनकी समझ को सुदृढ़ करना है। माय भारत की उप निदेशक मोनिका नांदल ने बताया कि बजट क्वेस्ट की शुरुवात माय भारत प्लेटफार्म पर राष्ट्रीय स्तर के ऑनलाइन क्विज से होगी। क्विज में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 17 फरवरी निर्धारित की गई है। इसमें बजट आधारित 30 प्रश्न पूछे जाएंगे और माय युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से चयनित विजेताओं को 17 फरवरी से 3 मार्च के बीच निबंध लेखन चरण में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश स्तर की मेरिट सूची 10 मार्च को जारी की जाएगी। 12 मार्च के बाद राज्य स्तर के विजेताओं को वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद करने का मौका मिलेगा।

# प्रदेश में मदिरा की दुकानों पर रैंडम सैंपलिंग के आदेश

हमारे संवाददाता

देहरादून। प्रदेश के सभी जिला आबकारी अधिकारियों को अति महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के तहत प्रत्येक जिला आबकारी अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी आबकारी निरीक्षकों को तत्काल उनके क्षेत्रों की मदिरा दुकानों में भेजेंगे। आबकारी आयुक्त, अनुराधा पाल के आदेश के अनुसार मदिरा दुकानों में नियमित रूप से बिकने वाले प्रमुख ब्रांड-विशेष रूप से 8 पीएम, 8 पीएम ब्लैक, सोलमेट, मैक डॉवेल्स आदि-की रैंडम सैंपलिंग की जाएगी। सैंपल एकत्र कर आज सायं तक अपर आबकारी आयुक्त बी.एस. चौहान को परीक्षण हेतु प्रेषित किए जाएंगे। प्राप्त सैंपलों का परीक्षण कराए जाने के लिए अपर आबकारी आयुक्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगे। परीक्षण के उपरांत रिपोर्ट शीघ्र उच्च स्तर पर प्रेषित की जाएगी। इस कार्रवाई को मदिरा की गुणवत्ता एवं मानकों की जांच के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### ❑आज शाम तक भेजनी होगी रिपोर्ट



# शांति व्यवस्था भंग करने पर 5 हिरासत में

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। शांति व्यवस्था भंग करने पर पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। दो पक्षों में मारपीट को लेकर हुए मुकदमें में उन्हे बयान दर्ज कराने का थाने बुलाया गया था।

जानकारी के अनुसार बीती 3 फरवरी को कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्रान्तर्गत दो पक्षों में हुए आपसी लडाई-झगडे के सम्बन्ध में 4 फरवरी को कोतवाली ज्वालापुर पर दोनो पक्षों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों के आधार पर अलग-अलग मुकदमें दर्ज किये गये थे। जिसमें जांच जारी है। बताया जा रहा है कि दर्ज मुकदमों में घटना की विस्तृत जानकारी हेतु विवेचक द्वारा आज दोनो पक्षों को थाने पर बयान हेतु बुलाया गया था। कोतवाली ज्वालापुर पर बयान व घटना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते समय दोनो पक्ष एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने लगे तथा एक दूसरे पर आमदा फसाद होने लगे तथा उत्तेजित होकर जोर-जोर से चिल्लाते हुए शान्ति व्यवस्था भंग करने लगे। जिन्हे विवेचक व थाने पर उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया गया किन्तु दोनो पक्ष अधिक उग्र होने लगे जिस कारण ज्वालापुर पुलिस द्वारा अन्य कोई चारा ना देखते हुए दोनो पक्षो को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अन्तर्गत धारा 170 बी.एन.एस.एस. में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के नाम सुब्हान पुत्र साकिर निवासी ईदगाह रोड मोहल्ला पावधोई कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार, शकीर पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला कस्सावान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार,अमन पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला मैदानियान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार, आहिल खान उर्फ ताज मोहम्मद पुत्र असलम खान निवासी कटहरा बाजार कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार व साहिब मलिक पुत्र रिजवान निवासी सुभाष नगर कोतवाली जबलपुर हरिद्वार बताये जा रहे है।

### ●मारपीट को लेकर हुए मुकदमे में बयान दर्ज कराने बुलाए गये थे थाने



आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
प्रधान संपादक
कांति कुमार
संपादक
पुष्पा कांति कुमार
समाचार संपादक
आनंद कांति कुमार
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।